# वीयू – सौर ऊर्जा संयंत्र का लोकार्पण, ऊर्जा संरक्षण की दिशा में विश्वविद्यालय की महत्वपूर्ण पहल



नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर में ऊर्जा संरक्षण एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत सौर ऊर्जा संयंत्र (सोलर पैनल) का लोकार्पण माननीय कुलपति डॉ. मनदीप शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सी.ए. श्री अखिलेश जैन, कोषाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. राखी वैश्य, निदेशक फार्म डॉ. बी. रॉय, डीन फैकल्टी डॉ. एस. घोष, सहायक कुलसचिव डॉ. रामकिंकर मिश्रा सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न अधिकारी, शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर कुलपति डॉ. मंदीप शर्मा ने कहा कि सौर ऊर्जा का उपयोग न केवल विद्युत व्यय को कम करने में सहायक है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। विश्वविद्यालय द्वारा अक्षय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने से ऊर्जा की बचत के साथ–साथ कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने में भी सहायता मिलेगी।



उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय में पूर्व में स्थापित सौर ऊर्जा संयंत्र के माध्यम से अब तक 86,296 यूनिट विद्युत का उत्पादन किया जा चुका है, जिससे विश्वविद्यालय को लगभग ₹8.62 लाख की विद्युत बचत हुई है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की ऊर्जा आत्मनिर्भरता एवं पर्यावरण–अनुकूल कार्यप्रणाली की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान को दर्शाती है।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों एवं अधिकारियों ने सौर ऊर्जा के अधिकाधिक उपयोग तथा विश्वविद्यालय परिसर में अक्षय ऊर्जा के विस्तार की आवश्यकता पर बल दिया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने भविष्य में भी ऊर्जा संरक्षण एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए ऐसे प्रयासों को निरंतर जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की